नवम्बर 2023

# एक नये Scotland का निर्माण : EU में एक स्वतंत्र Scotland

BUILDING A NEW SCOTLAND

## सारांश

एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में EU में शामिल होने से ब्रेक्सिट के कारण जो कुछ खो गया है और जो हस्तांतरण द्वारा प्रदान नहीं किया जा सकता है उसे Scotland को वापस पाने का मौका मिलता है। पहली बार, Scotland प्रत्यक्ष रूप से EU में Scotland के हितों को आगे बढ़ाने के लिए बात-चीत करेगा। एक स्वतंत्र Scotland EU और इसके सदस्य राज्यों के लिए सकारात्मक रूप से योगदान प्रदान करेगा।

इस सारांश के बारे में जानकारी प्रदान करने वाले साक्ष्य, साथ ही उनके स्रोतों के संदर्भ, फुल टेक्स्ट में उपलब्ध कराए गए हैं।

## Scotland, UK और EU

ऐतिहासिक राष्ट्र Scotland ने 1707 में इंग्लैंड राष्ट्र के साथ स्वैच्छिक रूप से एक राजनीतिक संघ में प्रवेश किया। उस संघ के भीतर, Scotland ने हमेशा विशिष्ट राष्ट्रीय संस्थानों और प्रणालियों को बनाए रखा है।

UK की संसद व्यापक आर्थिक नीति, विदेश नीति और रक्षा, और मुख्यतः सामाजिक सुरक्षा और कराधान शक्तियों पर अपना नियंत्रण रखती है।

Scotland को स्वशासन से प्राप्त होने वाले लाभों को हस्तांतरण और स्कॉटिश संसद की पुनः स्थापना के द्वारा प्रदर्शित किया गया है। 2014 में Scotland में स्वतंत्र होने या न होने के मुद्दे पर लोगों ने एक जनमत संग्रह में मतदान किया। इसके बाद एक अभियान चलाया गया जिसमें स्वतंत्रता के खिलाफ बहस करने वालों द्वारा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई कि EU में Scotland का स्थान सुरक्षित बनाने का एकमात्र तरीका 'नहीं' में मतदान करना था।

Scotland EU के उन संस्थापक सिद्धांतों और बुनियादी अवधारणाओं को - जो कि मानव गरिमा, समानता, कानूनी शासन, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर आधारित है, साझा करता है। यह तब और भी स्पष्ट हो गया जब 2016 में Scotland के लोगों ने दृणतापूर्वक मतदान किया ताकि वे EU में बने रहें।

ब्रेक्सिट ने इस बात पर नए सिरे से बहस शुरू करने का संकेत दिया है कि क्या Scotland के लिए स्वतंत्र होना और EU के अंदर हमारे अधिकार में एक सदस्य राज्य के रूप में रहना बेहतर है।

यह दस्तावेज इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि वेस्टमिंस्टर सरकार के 'हार्ड ब्रेक्सिट' के फैसले को मानने के परिणामस्वरूप Scotland को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से नुकसान हुआ है। वार्ता के लिए वेस्टमिंस्टर दृष्टिकोण के परिणामस्वरुप EU के साथ अनावश्यक मनमुटाव होना और Scotland के लोगों के विचारों और हितों की उपेक्षा थी।

Scotland को दुनिया भर में एकल बाजार और EU के अत्यधिक अनुकूल व्यापारिक संबंधों के नेटवर्क से अलग कर

दिया गया है। Scotland के लोग EU में रहने, काम करने और अध्ययन करने के अपने अधिकार को खो चुके हैं।

इसलिए Scotland एक अनोखी स्थिति में है - अपने अधिकांश लोगों की इच्छाओं के विरुद्ध जाकर EU और उसके एकल बाजार से निकाले गए देशों के स्वैच्छिक संघ में एक देश।

## EU की सदस्यता से Scotland को कई लाभ प्राप्त होंगे

साक्ष्य से पता चलता है कि EU की सदस्यता से कई प्रकार के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक लाभ हैं। इसका मतलब :

- यह होगा कि Scotland दुनिया के सबसे बड़े एकल बाजार का हिस्सा था, जिसमें वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी और लोगों की आवाजाही निःशुल्क थी। यह बाजार UK के बाजार से सात गुना बढ़ा है, इसलिए स्कॉटिश कंपनियां अधिक व्यावसायिक अवसरों के साथ स्वतंत्र रूप से व्यापार करने और अधिक ग्राहकों को अपना सामान बेचने में सक्षम होंगी
- जिससे Scotland में लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के अधिक और बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। हम अपने व्यवसायों के स्थायित्व के लिए समग्र EU से लोगों को आकर्षित कर सकते हैं और उन्हें बनाए रख सकते हैं, विश्व-अग्रणी विश्वविद्यालय और सार्वजनिक सेवाएं
- सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के अवसर पैदा कर सकते हैं और हमारे नागरिकों की समृद्धि और भलाई को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान में भागीदारी विकसित कर सकते हैं
- Scotland को वैश्विक पहुंच वाले एक संगठन के केंद्र में रख सकते हैं। हम EU की नीतियों को विकसित करने और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपने भागीदारों के साथ मिलकर काम करेंगे
- जिससे Scotland को EU के कानून प्रवर्तन उपकरणों तक पहुंच हासिल करने में मदद मिलेगी, जो सीमा पार अपराध और खतरों के खिलाफ लड़ाई में मदद करते हैं

और एक स्वतंत्र Scotland का EU के एक सदस्य राज्य के रूप में EU के संस्थानों में सीधा प्रतिनिधित्व होगा। यह Scotland को ऐसे सामूहिक निर्णयों में योगदान करने में सक्षम बनाएगा जो कि लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से Scotland की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं।

यह दस्तावेज EU की सदस्यता से प्राप्त होने वाले इन लाभों और कई अन्य लाभों को निर्धारित करता है।

## एक सदस्य देश के रूप में Scotland के पास EU को देने के लिए बहुत कुछ है

जिस प्रकार EU के पास Scotland को देने के लिए बहुत कुछ है, उसी प्रकार Scotland के पास भी एक सदस्य राज्य के रूप में EU में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है। उदाहरण के लिए:

- नवीकरणीय ऊर्जा, अनुसंधान, विकास और नवाचार में Scotland की ताकत EU को आगामी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और नेट ज़ीरो की ओर आगे बढ़ने में योगदान करने में मदद कर सकती है

- Scotland के विश्व स्तरीय कॉलेज और विश्वविद्यालय एक बार फिर EU के देशों के इरास्मस+ छात्रों का स्वागत करेंगे
- Scotland की जीवंत संस्कृति एक गतिशील और दूरदर्शी EU के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगी

एक स्वतंत्र Scotland EU की मान्यताओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होगा। स्कॉटिश सरकार सामाजिक न्याय के EU के साझा एजेंडे में और एक निष्पक्ष और हरित समाज की खोज में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## EU की सदस्यता प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता ही एकमात्र यथार्थवादी तरीका है

एक स्वतंत्र Scotland की EU की सदस्यता, UK के साथ हमारे मूल्यवान संबंधों की कीमत पर नहीं होगी, और आगे भी रहेगी। EU के सदस्य के रूप में, UK के बाकी हिस्सों के साथ एक स्वतंत्र Scotland के व्यापारिक संबंध उस समय EU और UK के बीच मौजूद किसी भी सहमत व्यापार व्यवस्था द्वारा शासित होंगे। UK और आयरलैंड के अन्य देश Scotland के करीबी और महत्त्वपूर्ण मित्र बने रहेंगे।

यह दस्तावेज EU में शामिल होने की प्रक्रिया को निर्धारित करता है। इससे पता चलता है कि Scotland के पास पहले से ही EU की सफल सदस्यता को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त जानकारी और नेटवर्क हैं। Scotland के कानून पहले से ही EU के कानूनों के साथ अत्यधिक मेल खाते हैं। परिणामस्वरूप, इस स्कॉटिश सरकार को यह स्पष्ट रूप से पता है कि Scotland इस परिग्रहण प्रक्रिया की आवश्यकताओं को सुचारू रूप से और शीघ्रता से पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में होगा।

स्कॉटिश सरकार का प्रस्ताव है कि एक स्वतंत्र Scotland जल्द से जल्द EU में फिर से शामिल होने के लिए आवेदन करेगा।

Scotland एक अप्रत्याशित स्थिति में होगा। किसी भी अन्य देश को उसकी इच्छा के विरुद्ध EU और उसके एकल बाज़ार से बाहर नहीं निकाला गया है। न ही किसी अन्य देश ने EU में फिर से शामिल होने के लिए आवेदन किया है।

Scotland के अधिकांश लोग, स्कॉटिश संसद और स्कॉटिश सरकार कभी भी EU को छोड़ना नहीं चाहते थे। Scotland की आगामी आर्थिक और सामाजिक सफलता के लिए EU की सदस्यता महत्वपूर्ण है। इसे प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता ही एकमात्र यथार्थवादी तरीका है।

© The Scottish Government 2023

स्कॉटिश सरकार द्वारा प्रकाशित, नवम्बर 2023

स्कॉटिश सरकार के लिए, APS ग्रुप Scotland, 21 टेनेन्ट स्ट्रीट,
एडिनबर्ग EH6 5NA PPDAS1341862 (11/23) द्वारा निर्मित